राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक खबरें

जनता की समस्या,हर पल टाइम्स की खबर

HAR PAL TIMES

# हर पल टाइम्स

RNI NO:- MAHHIN/2011/24374

कार्यकारी संपादक : जमील जी. खान

वर्ष : ०८ अंक : ३३ मुंबई, शुक्रवार, १९ अप्रैल से २५ अप्रैल २०१९ पृष्ठ : ४ मूल्य : २/- रुपये

मुंबई, दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, कर्नाटका, आंध्रप्रदेश, गुजरात, झारखंड, चेन्नई, कलकत्ता जानेवाला अखबार,(०७४९८५३५२८६आपकी समस्या के लिए इस नंबर पर संपर्क करे)

## २०१९ चुनाव के लिए उम्मीदवारों को शुभेच्छा!

# किसमें कितना है दम!

## मुद्दई लाख बुरा चाहे तो क्या होता है, वही होता है जो मंजूर-ए-खुदा होता है!



जमील जी. खान
चीफ एडिटर

संवाददाता

मुंबई, २०१९ के इलेक्शन में मुंबई से मुसलमानों ने कॉंग्रेस




को साथ देकर और ज्यादा से ज्यादा वोट देकर सांसदों को जीकर लाने की ठानी है, क्योंकि पिछले ५ सालों में मुंबई में जनता का कहना है कि काफी काम नहीं हुए हैं, इसकी वजह से हम सरकार बदलना चाहते हैं। अब देखना यह है कि कॉंग्रेस के उम्मीदवारों को कितनी कामयाबी मिलती है और सरकार किसकी बनती है? हर पल टाईम्स व हर पल टी.वी. न्यूज की तरफ से बेस्ट विशेस!



मिलिंद देवडा दक्षिण मुंबई लोकसभा क्षेत्र से मोहम्मद अली रोड, भिंडी बाजार और अनेक इलाकों में जोरदार प्रचार इस इलाके में मुस्लिम -हिन्दु भाईयों ने फिर एक बार मिलिंद देवडा को समर्थन देने का ऐलान किया है। लेकिन इस इलाके में पुरानी बिल्डिंगें कभी भी गिर सकती हैं। जीत के आने के बाद सबसे पहला ये काम करना होगा, क्योंकि पिछले सालों से इस इलाके की जनता काफी परेशान है। हर पल टाईम्स व हर पल टी.वी. न्युज ने बिल्डिंगों का आंखों देखा हाल और जनता की परेशानियों को सामने लाया, हम भी चाहते हैं मिलिंद देवडा लोकसभा चुनाव जीतें। इस इलाके के विधायक अमीन पटेल के इलाके में कुछ खस्ता बिल्डिंगें भी हैं, जिससे यहां की जनता परेशान हैं। अमीन पटेल भी ध्यान दें।



मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा की उम्मीदवार प्रिया दत्त पहले भी सांसद रह चुकी हैं और इस इलाके में काफी काम हुआ है। इस बार इस इलाके के ज्यादातर मुस्लिम समुदाय के लोगों का समर्थन मिल रहा है और दूसरे समाज के लोग भी साथ दे रहे हैं। आने वाले २०१९ में सांसद बन सकती हैं और लोगों से इस इलाके में प्रिया दत्त ने काम करने का वादा किया है। हर पल टाईम्स व हर पल टी.वी. न्युज प्रिया दत्त को लोकसभा चुनाव जीतने की शुभकामनाएं देता है।



अरविंद सावंत ने एक रैली में कहा कि मैं जनता के लिए बना हूं और जनता ही मेरा सब कुछ है। आने वाले समय में इस इलाके में जनता मुझे जिताकर लाएगी। हर पल टाइम्स की शुभकामनाएं...



फिर एक बार ईशान्य मुंबई से संजय दीना पाटील को जनाब मोईन मिया साहब ने गोवंडी के तमाम जनता से और मुसलमानों से संजय दीना पाटील को जिताकर लाना और वोट देने की अपील की

## एम/ईस्ट वार्ड में बड़ी धूम-धाम से घरों के कंस्ट्रक्शन का काम

गोवंडी शिवाजी नगर एम/ईस्ट वार्ड में बड़ी धूम-धाम से घरों के कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है, एम वार्ड के कर्मचारियों की क्या इस पर नजर नहीं है, या इनको फायदा पहुंच रहा है?

## गोवंडी इलाके की जनता परेशान

गोवंडी इलाके के नगरसेवकों को बड़े पैमाने पर नालियों के कंस्ट्रकशन का काम मिला है, हर पल टाइम्स ने इस इलाके का दौरा करने के बाद जनता से मालुमात ली। जनता काफी परेशान है। नगरसेवक इस पर बराबर ध्यान न देते हुए कंस्ट्रक्शन में कमी हो रही है और इस इलाके की जनता का कहना है कि काम बराबर नहीं हुआ है।

Best Wishesh From Jameel Khan

ALI KHAN

98700 73111

for those who Deserve the Best

# संपादकीय...

## मतदान के प्रति मतदाताओं का रुझान

आम चुनाव के लिए दूसरे चरण के मतदान का रुझान भी लगभग वही रहा, जो पहले चरण का था। लगभग वही उत्साह और वही बाधाएं, जो पहले चरण में थीं। पहले चरण के मुकाबले दूसरे चरण के मतदान का भूगोल काफी विस्तृत था। कश्मीर के श्रीनगर में भी मतदान था और तमिलनाडु में भी। दूसरे शब्दों में, इसे इस तरह भी कह सकते हैं कि कश्मीर से कन्या कुमारी तक ११ राज्यों में लोकसभा की ९५ सीटों के लिए मोटे तौर पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ। पश्चिम में अगर लोकसभा की दस सीटों के लिए मतदान हुआ, तो सुदूर पूर्वोत्तर में मणिपुर की एक सीट के लिए भी। सिर्फ इसका भूगोल ही व्यापक नहीं था, स्थितियां भी भिन्न-भिन्न थीं। ऐसे क्षेत्र में भी मतदान हुआ, जहां आस-पास चंद घंटे पहले ही बर्फबारी हुई थी और ऐसे इलाके में भी मतदान हुआ, जो कुछ समय पहले ही आंधी-तूफान और बरसात से जूझ रहे थे। एक तरफ वे किसान भी बड़ी संख्या में मतदान के लिए आए, जिनकी फसलों को इस मौसम ने नुकसान पहुंचाया, दूसरी तरफ विदर्भ और मराठवाड़ा के उस क्षेत्र में भी किसानों ने भारी तादाद में वोट डाले, जहां पिछले मौसम में पर्याप्त बारिश नहीं हुई और उनके खेत अभी भी भयंकर सूखे से जूझ रहे हैं। भारी मतदान वाले इलाकों में छत्तीसगढ़ का वह कांकेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र भी है, जहां माओवादी आतंक का खतरा हरदम मंडराता रहता है। इनमें से हर जगह मतदाता इस उम्मीद के साथ मतदान केंद्रों पर उमड़े कि उनका वोट यह सूरत बदल सकता है।राजनीतिक दृष्टि से देखें, तो यह शायद चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण चरण था। लोकसभा की जिन ९५ सीटों के लिए मतदान हुआ, उनमें से ६५ सीटें पिछली बार भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने जीती थीं। यानी अगर सत्ताधारी पार्टी को सत्ता में बने रहना है, तो उसे कम से कम पिछली बार के प्रदर्शन को दोहराना होगा, जबकि विपक्षी दल अगर उसे सत्ता से हटाना चाहते हैं, तो उन्हें इस दौर में ही राष्टीय जनतांत्रिक गठबंधन को शिकस्त देनी होगी। हालांकि आम चुनाव की पूरी लड़ाई को देखें, तो अभी बहुत कुछ शेष है। आगे भी कुछ दौर ऐसे आएंगे, जहां सत्ता के लिए होने वाली टक्कर और कठिन हो सकती है। टक्कर कितनी कड़ी थी, इसका एक अंदाज इससे भी लगाया जा सकता है कि सभी राजनीतिक दलों ने अपने सारे घोड़े खोल दिए थे। प्रचार और आक्षेप जितने निचले स्तर पर पहुंचे, शायद इसके पहले के किसी चुनाव में नहीं पहुंचे थे। उम्मीदवारों और उनके लोगों के पास से जितनी नकदी इस दौर में जब्त हुई, उतनी पिछले किसी चुनाव में नहीं हुई थी। कड़ी चुनावी टक्कर के साथ ही गलत गतिविधियों का बढ़ना एक बुरी खबर है। संतोष यही है कि इस दौरान चुनाव आयोग ने अच्छी भूमिका निभाई और सख्त फैसले किए। बड़बोले और बिगड़े बोल बोलने वाले नेताओं के प्रचार करने पर पाबंदी लगाना ऐसा ही फैसला था। भारी मात्रा में नकदी की बरामदगी के बाद वेल्लोर के चुनाव को रद्द करना आयोग का एक और सख्त फैसला है। आयोग के इन फैसलों का असर कहीं न कहीं आने वाले मतदान के चरणों में दिखाई देगा। हालांकि हमारे नेता और राजनीतिक दल रातोंरात सुधर जाएंगे, इसकी उम्मीद नहीं बांधी जा सकती, लेकिन चुनाव आयोग ने संदेश दे दिया है कि अगर गड़बड़ी हुई, तो वह हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठेगा।

### बुजुर्ग की हत्या, आरोपी फरार

**मुंबई:** बोरीवली पुलिस के अंतर्गत ७० साल के एक बुजुर्ग की दो अज्ञात लोगों ने गला और नाक दबाकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी लूटपाट करने के इरादे से फैक्ट्री लेन स्थित बुजुर्ग के घर में घुसे थे। मृतक की पहचान वामन जोशी के तौर पर की गई है। वामन के बेटे विलास की शिकायत पर घटना की जांच बोरीवली पुलिस कर रही है।

### कहां गईं दो मासूम

**मुंबई:** अग्रिपाडा स्थित बेबी गार्डन इलाके से गुरुवार सुबह दो लड़कियां अचानक गायब हो गईं। पुलिस के अनुसार, दोनों बच्चियां फुटपाथ पर परिजन के साथ रहती थीं। एक नाम मरियम (५) है, दूसरी बच्ची का नाम जान्हवी (३) है। बताया जा रहा है कि किसी ने चॉकलेट देकर दोनों बच्चियों को अगवा किया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### दीवार गिरने से बच्चे की मौत

**मुंबई:** मालवणी में दीवार गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक का नाम युवराज बताया जा रहा है। घटना मालवनी के न्यू कलेक्टर कंपाउंड की है। बताया जा रहा है कि बीएमसी की ओर से नाला निर्माण कार्य किया जा रहा था। उस दौरान नाले के पास स्थित एक घर की दीवार गई, जिसके नीचे दबकर बच्चे की मौत हो गई।

### बुजुर्ग की हत्या, आरोपी फरार

**मुंबई:** बोरीवली पुलिस के अंतर्गत ७० साल के एक बुजुर्ग की दो अज्ञात लोगों ने गला और नाक दबाकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी लूटपाट करने के इरादे से फैक्ट्री लेन स्थित बुजुर्ग के घर में घुसे थे। मृतक की पहचान वामन जोशी के तौर पर की गई है। वामन के बेटे विलास की शिकायत पर घटना की जांच बोरीवली पुलिस कर रही है।

### कहां गईं दो मासूम

मुंबई: अग्रिपाडा स्थित बेबी गार्डन इलाके से गुरुवार सुबह दो लड़कियां अचानक गायब हो गईं। पुलिस के अनुसार, दोनों बच्चियां फुटपाथ पर परिजन के साथ रहती थीं। एक नाम मरियम (५) है, दूसरी बच्ची का नाम जान्हवी (३) है। बताया जा रहा है कि किसी ने चॉकलेट देकर दोनों बच्चियों को अगवा किया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### दीवार गिरने से बच्चे की मौत

**मुंबई:** मालवणी में दीवार गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक का नाम युवराज बताया जा रहा है। घटना मालवनी के न्यू कलेक्टर कंपाउंड की है। बताया जा रहा है कि बीएमसी की ओर से नाला निर्माण कार्य किया जा रहा था। उस दौरान नाले के पास स्थित एक घर की दीवार गई, जिसके नीचे दबकर बच्चे की मौत हो गई।

**प्रपत्र**
**(नियम ८ देखिए)**

**'हर पल टाइम्स'** मुंबई, नाम पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण, जिसका प्रकाशन प्रति वर्ष फरवरी के अंतिम दिन के बाद प्रथम अंक में आवश्यक है।

| | | |
|---|---|---|
| १) प्रकाशन का स्थान | : | प्लॉट नं. २५ डी/१. शिवाजी नगर, गोवंडी, मुंबई - ४०००४३ |
| २) प्रकाशन की अवधि | : | साप्ताहिक |
| ३) मुद्रक का नाम | : | **वसीम जे. खान** |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| पता | : | शिरनाजी प्रिंट, एम.एल.कॅम्प, चेंबूर, मुंबई -४०००८९ |
| ४) प्रकाशक का नाम | : | **वसीम जे. खान** |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| पता | : | प्लॉट नं. २५ डी/१. शिवाजी नगर, गोवंडी, मुंबई - ४०००४३ |
| ५) संपादक का नाम | : | **वसीम जे. खान** |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| पता | : | प्लॉट नं. २५ डी/१. शिवाजी नगर, गोवंडी, मुंबई - ४०००४३ |

६) उन व्यक्तियों के नाम और पते जो समाचार पत्र के स्वामी हैं तथा १९-०४-२०१९ को चुकता पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक साझेदार या अंशधारक है : कोई नहीं

मैं, **वसीम जे. खान,** घोषित करता हूँ कि मेरी जानकारी और विश्वास के मुताबिक ऊपर लिखित विवरण सही है.

ह/-
....

**तारीख : १९-०४-२०१९** **प्रकाशक के हस्ताक्षर**

**सहारा ट्रावेल्स व बॉम्बे गुजरात रोडवेज के मालिक मुश्ताक साहब और कुदरत साहब की ओर से...**
**सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद**


Travel once you love forever

सहारा के साथ सुहाना सफर
SAHARA TRAVELS
Head Office: 6-1-1082/B/I, Hotel Krishna Complex, Lakdi Ka Pul, Hyderabad-04.
Contact No's: 040-23298483, 66745786 65138483
Call on: 9396669999 Email: saharatravels@gmail.com
Online Booking www.saharabus.com
Branches: Afzal Gunj Hyd: 65979786, 9391830030 Aghapura Hyd:040- 32906111, (FAX):040-24801333 Prashanti Nagar: 9393346631 Balanagar: 9391830014 - 14 Mumbai Market V T: 9323034780 Sion: 24044222, 93228 Vashi: 9323034783, 27832803-04 Pune: 40026506, 32334555 Bangalore: 080-40927105-6 Indore:9926426935,09303355337

आपका सामान जिम्मेदारी और हिफाजत के साथ पहुंचाया जायेगा

BOMBAY GUJRAT ROADWAYS
A DIVISION OF MUSHTAQ TRANSPORT PVT. LTD.



Express parcel courier service by VOLVO Buses 24x7 hours
Head Office : 11-1-294/B &C, Aghapura, Hyderabad.500001
Contact No's: 040-24800273,24800785 (FAX):040-24801333
Email : bgr_hyd@yahoo.co.in
BRANCHES: Secunderabad : 9346243111, 9393346631
Prashanti Nagar : 9391830014 Balanagar 040-65993831
Bombay Sion: 9322871960 Vashi: 02232466708, 0932303483
Vapi: 9377890785 Bhiwandi: 9323034783.

# नवी मुंबई में चुनाव आयोग के मार्गदर्शन में जगह-जगह 'चुनावी पाठशाला'



**नवी मुंबई :** चुनाव आयोग के मार्गदर्शन में जगह-जगह 'चुनावी पाठशाला' लगाई जा रही है। सिस्टेमैटिक वोटर्स एजुकेशन ऐंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागृत करने के लिए प्रभातफेरी, पथ-नाटक आदि के जरिए जानकारी दी जा रही है। मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सीबीडी बेलापुर सेशन कोर्ट की न्यायमूर्ति कंटे, न्यायाधीश और बार कांउसिल के अध्यक्ष प्रसाद पाटील, वकील, कोर्ट के अधिकारी और कर्मचारी आदि उपस्थित थे। इसमें ईवीएम और वीवीपीएटी मशीन की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया गया। मशीनों की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन नवी मुंबई महानगर पालिका उपायुक्त और लोकसभा चुनाव के नोडल अधिकारी दादासाहेब चाबुकस्वार, सहायक चुनाव निर्णय अधिकारी चंद्रकांत तायडे और संध्या अंबादे ने किया।

लोकसभा चुनाव में पुलिस अलर्ट

लोकसभा चुनाव को देखते हुए शहर में कानून व्यवस्था ठीक ढंग से चले, इसलिए पुलिस ने लाइसेंसधारी लोगों के १,१६८ रिवॉल्वर और पिस्टल जमा करा लिए हैं। पुलिस ने कुछ गुंडों की लिस्ट भी तैयार की है, जिन्हें कभी भी तड़ीपार किया जा सकता है। वॉट्सऐप, फेसबुक, ट्विटर पर भड़काऊ पोस्ट पर भी पुलिस नजर रख रही है। कल्याण परिमंडल ३ के कुछ आरोपियों की लिस्ट भी बन कर तैयार है।

# बैंक से ४६ लाख के चेक लेकर भाग निकला युवक, सीसीटीवी कैमरे में तस्वीर कैद

**मुंबई :** कांदीवली पुलिस एक ऐसे ३० वर्षीय युवक की तलाश कर रही है जो एक बैंक के ५९ चेक लेकर फरार हो गया है। इन चेकों की कीमत ४६.६ लाख रुपये है। यह घटना सोमवार की है और बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों में



आरोपी की तस्वीर कैद हो गई है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है। दोपहर के समय एमजी मार्ग पर स्थित कॉर्पोरेशन बैंक के कर्मचारी चेक ड्रॉप बॉक्स खाली कर रहे थे।

# घर जमाई नहीं बनने पर जीजा को जिंदा जलाया

**दिल्ली :** दिल्ली के निहाल विहार में घर जमाई नहीं बनने पर युवक ने अपने जीजा को पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जला दिया। दस दिन तक ३५ वर्षीय



गोविंद राम ने अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ने के बाद २ अप्रैल को दम तोड़ दिया। गोविंद राम अध्यापक नगर में रहता था। गोविंद के पिता महावीर ने बताया कि आठ साल पहले बेटे की शादी प्रेम नगर निवासी रेणू से हुई थी। दोनों के छह और तीन साल के दो बेटे हैं। बताया गया कि रेणू के मायकेवाले चाहते थे कि गोविंद घर जमाई बनकर रहे, लेकिन वह इसका विरोध करता था। इस उसका पत्नी और ससुरालवालों से झगड़ा भी होता था।

मारपीट कर नाले में फेंक दिया: महावीर ने बताया कि बीते साल दिसंबर में रेणू झगड़ा कर बच्चों के साथ मायके चली गई। गोविंद ने उसे वापस लाने की बहुत कोशिश की, लेकिन रेणू का भाई भरत और भाभी विनिता हमेशा रास्ते में रोड़े अटकाते थे। इस साल १५ मार्च को गोविंद प्रेम नगर स्थित अपनी ससुराल में बीवी और बच्चों को लाने गया था। इस दौरान ससुरालवालों ने उसकी पिटाई कर दी। फिर रिक्शे पर लादकर ले गए और उसे नाले में फेंक दिया। किसी तरह से वह नाले से निकलकर घर पहुंचा।

दोबारा हमला किया: १९ मार्च को पीड़ित छोटा हाथी पर सामान की ढुलाई करने के लिए जा रहा था। नांगलोई में वह गाड़ी रोककर खाना खा रहा था। वहां भी उसका साला भरत पहुंच गया और उसकी जमकर पिटाई की, मगर इसकी शिकायत गोविंद ने पुलिस से नहीं की।

समझौते के लिए बुलाया:




# कबूतरखाने न तोड़ने व दाना डालने वालों पर जुर्माना न लगाने की मांग



**मुंबई :** कबूतरखानों पर तोड़क कार्रवाई करने तथा उन्हें दाना डालने वालों पर की जा रही कार्रवाई के खिलाफ जैन शक्ति फाउंडेशन, भाजपा के वरिष्ठ विधायक मंगल प्रभात लोढ़ा ने आवाज उठाई है। उन्होंने बीएमसी कमिश्नर अजॉय मेहता से मिलकर ज्ञापन दिया है, जिसमें तोड़क कार्रवाई तथा जुर्माने पर रोक लगाने की मांग की गई है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से बीएमसी शहर में पुराने कबूतरखानों को तोड़ रही है। साथ ही, कबूतरों को दाना डालने वालों पर ५०० रुपये जुर्माना मार रही है। उल्लेखनीय है कि गोलदेवल इलाके की मशहूर कबूतर गली के कबूतरखाने को भी बीएमसी ने ध्वस्त कर दिया है। इस मामले को लेकर जैन शक्ति फाउंडेशन के अध्यक्ष कनक परमार एवं राष्ट्रीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य गिरीश भाई, विधायक लोढ़ा व अन्य लोगों ने बीएमसी कमिश्नर मेहता से मुलाकात कर एक ज्ञापन दिया। लोढ़ा ने बताया कि कबूतरों को दाना डालना भारतीय परंपरा का हिस्सा है। पूरी दुनिया में सार्वजनिक स्थानों पर कबूतरों को दाना दिया जाता है, लेकिन मुंबई में बीएमसी इसे रोक रही है।

यह तो सीधे-सीधे भारतीय परंपराओं एवं धार्मिक मान्यताओं का अपमान है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी आदेश में ऐसा कहीं नहीं है कि कबूतरों को दाना डालना बंद किया जाए या उसके लिए लोगों पर जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने मुंबई के कबूतरखानों को चालू रखने एवं कबूतरों को दाना डालने पर जुर्माना लगाने की बीएमसी की कार्रवाई को भी रोकने की मांग की है।

# पांचवी पास राजस्थानी ठग का फर्जीवाड़ा, जवानों के नाम पर ओएलएक्स पर लगा रहा था चूना




**मुंबई :** पुलवामा हमले सीआरपीएफ जवानों की शहादत के बाद देश में सेना, पुलिस एवं अन्य जांच एजेंसियों के प्रति लोगों में सहानुभति और सम्मान काफी बढ़ गया है। लेकिन एक राजस्थानी ठग इसी सम्मान से खिलवाड़ कर रहा था। वह सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े जवानों के प्रति लोगों में विश्वास, सहानुभूति और सम्मान का लाभ उठाकर ओएलएक्स पर ठगी का कारोबार चला रहा था। हैरानी की बात यह है कि पुलिस द्वारा पकड़ा गया यह ठग सिर्फ पांचवी तक ही पढ़ा-लिखा है। बता दें कि www.olx.inनामक ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट पर फर्जी आईडी बनाकर सीआईएसएफ जवानों को सस्ते में मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल, कार, सोना आदि बेचने का झांसा दिया गया और जवानों से उनके पहचान पत्र, आधार कार्ड आदि महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जानकारी ले ली। बाद में ओएलएक्स विज्ञापनों के जरिए ऐसा आभास कराने लगा मानों सीआईएसएफ जवान ही मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल, कार, सोना आदि बेच रहे हैं। विज्ञापनों के जरिए राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र में कई लोगों को ठगा गया था। इसकी शिकायत बीकेसी स्थित साइबर पुलिस थाने में दर्ज हुई थी। डीसीपी विशाल ठाकुर के मार्गदर्शन में मामले की जांच कर रहे पीआई सहस्त्रबुद्धे एवं एपीआई बलिराम सुतार की टीम को पता चला कि उक्त ठगी का कारोबार राजस्थान से चलाया जा रहा है।

कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी का राजस्थान के घोंघर गढ़ी, झीलपट्टी स्थित झेलपुरी का पता ढूंढ निकाला। लेकिन राजस्थान की कैथवाड़ाने पुलिस की मदद से पुलिस जब आरोपी को पकड़ने पहुंची तो उसके परिजनों ने पुलिस पर हमला का दिया। उन्होंने पुलिस टीम पर जमकर पत्थर बरसाए। लेकिन फिर भी पुलिस २२ वर्षीय आरोपी असिन अमिन को दबोचने में सफल हुई।

# राज ठाकरे की चुनावी सभा को बीजेपी ने बताया- टूरिस्ट टॉकीज

**मुंबई :** मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के चुनावी सभा पर कटाक्ष करते हुए बीजेपी ने उसे 'टूरिस्ट टॉकीज' करार दिया। बीजेपी नेता व राज्य के शिक्षा मंत्री विनोद तावडे ने कहा कि राज ठाकरे की टूरिस्ट टॉकीज की स्क्रिप्ट शरद पवार ने तैयार की है इसलिए पवार अपने हेलिकॉप्टर का रास्ता बदलकर राज ठाकरे से मिले। तावडे ने पूछा कि राज ठाकरे ने अपना एक भी उम्मीदवार नहीं उतारा है, तो वह किस पार्टी के स्टार प्रचारक हैं। मंगलवार को तावडे ने बताया कि पवार उस्मानाबाद से वापस जा रहे थे। अचानक ही उन्होंने अपना हेलिकॉप्टर सोलापुर की ओर टर्न कर दिया। पवार वहां के बालाजी होटल में गए। वहां पर उन्होंने राज ठाकरे से मुलाकात की। पवार ने राज को टूरिस्ट टॉकीज के लिए अगली स्क्रिप्ट सौंप दी। वही स्क्रिप्ट राज ठाकरे अपनी अगली सभा में बोलेंगे। राज ठाकरे के प्रचार खर्च के बारे में तावडे ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग से राज की सभाओं का खर्च किस उम्मीदवार के खाते में डालने के बारे में पूछा था, इसके जवाब में राज ने सोलापुर की सभा में प्रधानमंत्री मोदी की जनसभाओं का खर्च की जानकारी मांगी थी। इस पर तावडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीजेपी के स्टार प्रचारक हैं, उनकी सभाओं का खर्च पार्टी के खर्च में जोड़ा जा रहा है, लेकिन राज की चुनावी सभाओं खर्च किसके खाते में जोड़ा जा रहा है। सवाल यह है कि राज किस पार्टी के प्रचारक है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता व राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण कह रहे हैं कि यह हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। इससे स्पष्ट होता है कि मोदी जी फिर से प्रधानमंत्री बन गए तो कांग्रेस-राकांपा की खैर नहीं।


**हरपल टाईम्स व हरपल टीवी न्यूज**

क्राईम द मोस्ट वांटेड व क्राईम इंन्वेस्टिगेशन न्यूज देश के सभी जगहों पर हमारी खास न्यूज बतायी जा रही है अगर आपको, मोबाईल और लेपटॉप, पर देखनी हो तो www.harpaltvnews.com टाइप करके देखिये या crimeinvestigationharpaltv.com टाईप करके सभी खबरें देख सकते हैं, अगर आपको हमसे संपर्क करना है तो हमारा नंबर है ७४९८५३५२८६ अगर आपको खबर भेजना है तो ईमेल करें : Email-harpaltimes.press@gmail.com

कम से कम फीस में इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया की ट्रेनिंग दी जा रही है..
संपर्क करें : ७०२१४२५४४२


# १६ हजार मुंबई पुलिसकर्मी करेंगे पोस्टल बैलेट से वोट




**मुंबई :** मुंबई पुलिस से जुड़े १६००० से ज्यादा कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से वोट डालने की अर्जी दी है। मुंबई सीपी संजय बर्वे ने मंगलवार को मीडिया को यह जानकारी दी। मुंबई पुलिस की कुल संख्या लगभग ५० हजार है। डोंगरी जोन के एसीपी अविनाश धर्माधिकारी ने कहा कि उनके अंडर में जे.जे मार्ग और डोगरी पुलिस स्टेशन आते हैं। इन दोनों पुलिस स्टेशनों की कुल संख्या ४१० है। हमने अब तक २२६ पुलिस कर्मियों से पोस्टल बैलेट की एप्लीकेशन भिजवाई है। मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे और पालघर में २९ अप्रैल को वोटिंग होनी है। उस दिन लगभग सभी पुलिसकर्मी ड्यूटी पर रहेंगे। उन्हें वोट डालने का वक्त नहीं मिलेगा।

इसलिए पुलिस के आला अधिकारियों ने अपने कर्मियों को इस बात के लिए प्रोत्साहित किया है कि वह पोस्टल बैलेट से वोट दें। इसके लिए उन्होंने चुनाव आयोग को एक अर्जी दी है। इसमें उन्होंने लिखा है कि उनका नाम किस लोकसभा चुनाव क्षेत्र में आता है। विधानसभा क्षेत्र भी उनका कौन सा है। उन्होंने वोटर लिस्ट में अपना क्रमांक नंबर व कुछ और जरूरी सूचनाएं भी भेजी हैं। साथ ही वह पोस्टल अड्रेस भी, जहां उन्हें चुनाव आयोग की तरफ से फार्म भेजा जाएगा।

मुंबई पुलिस के पीआरओ डीसीपी मंजूनाथ सिंगे के अनुसार, चुनाव आयोग की तरफ से बताए पोस्टल अड्रेस पर फार्म भेजा जाएगा। इसमें पुलिसकर्मियों को बताया जाएगा कि उन्हें किस दिन, किस जगह आकर पोस्टल बैलेट से वोट डलना है। वह तारीख २९ अप्रैल नहीं होगी। पोस्टल बैलेट से वोट डालने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर के सामने सिग्नेचर होंगे। वोट एक लिफाफे में बंद होगा। २३ मई को जब मतगणना होगी, तो सबसे पहले पोस्टल बैलेट वाले वोटों की ही गिनती होगी।

मालक, मुद्रक, प्रकाशक वसीम जे. खान ने शिरनाजी प्रिंट, एम.एल.कॅम्प, चेंबूर, मुंबई -४०००८९ से छपवाकर, प्लॉट नं. २५ डी/१. शिवाजी नगर, गोवंडी, मुंबई - ४०००४३ से प्रकाशित किया। संपादक: वसीम जे. खान. RNI NO:- MAHHIN/2011/24374 .
Email--harpaltimes.press@gmail.com 074985 35286 (सभी विवाद निपटारे के लिए न्यायक्षेत्र मुंबई, महाराष्ट्र होगा।)